संस्थागत तंत्र के प्रोत्साहन पर की चर्चा

साहिबाबाद (ब्यूरो)। आइटीएस कालेज में उद्यमिता विकास विषय पर चल रहे दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को हो गया। कार्यक्रम में उद्यमिता विकास में संस्थागत तंत्र के प्रोत्साहन की भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदीप जय सिंह रहे। इस दौरान डा. सपना ने कहा कि युवा भारत का भविष्य हैं। उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए स्वयं का व्यवसाय आधुनिक तरीके से करना चाहिए। साथ ही छात्रों को आधुनिक व्यवसायिक ज्ञान के साथ नए व्यवसायिक विचारों पर भी ध्यान देना चाहिए। इससे भविष्य में छात्र अपना व्यवसाय स्थापित कर दूसरों को भी नौकरी दे सकें। डा. आरपी चड्ढा, अर्पित चड्ढा, सुरेंद्र सूद, डा. सपना राकेश, एसपी मिश्रा, मौजूद रहे।

'टेक्नोलॉजी से व्यवसाय करें युवा'

मोहननगर : इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, मोहननगर में उद्यमिता विकास पर चल रहे दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम मे निदेशक डॉ. सपना ने एमबीए के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा ही भारत का भविष्य है। उन्हे अपने सपनों को पूरा करने के लिए स्वयं का व्यवसाय आधुनिक तरीके से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों को आधुनिक व्यवसायिक ज्ञान के साथ नए व्यवसायिक विचारो पर भी ध्यान देना चाहिए, ताकि भविष्य मे वह अपने व्यवसाय स्थापित कर दूसरो को भी नौकरी दे सकें। विषय विशेषज्ञो ने विद्यार्थियो को एनजीओ और छोटे व्यवसायो को विकसित करने के टिप्स दिए। कार्यक्रम मे निसबर्ड के निदेशक डॉ. शशि राज सिंह ने उद्यमिता विकास मे संस्थागत तंत्र के प्रोत्साहन की भूमिका पर सामूहिक चर्चा की। चर्चा मे राष्ट्रीय अनुसंधान विकास परिषद के निदेशक गोविंद शर्मा, पीएनबी के प्रबंधक अभय प्रताप, डीआइए स्किल्स के उपाध्यक्ष अमित वाजपेयी व किक स्टे के सीईओ जसबीर सिंह शामिल रहे।

आईटीएस में बिजनेस टिप्स दिए गए

■ **एनबीटी न्यूज, मोहन नगर :** आईटीएस कॉलेज में चल रहे दो दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन हो गया। पहले दिन चीफ गेस्ट के रूप में प्रदीप जय सिंह पहुंचे। कॉलेज की डायरेक्टर सपना राकेश ने एमबीए के स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि वे भारत के भविष्य हैं। स्टूडेंट्स को अपने सपनों को पूरा करने के लिए खुद का बिजनेस आधुनिक तकनीक के साथ शुरू करना चाहिए। कॉलेज उनके सपनों को पर लगाने को तैयार है। चीफ गेस्ट ने कहा कि स्टूडेंट्स को आधुनिक व्यावसायिक ज्ञान के साथ-साथ नए व्यावसायिक विचारों पर भी ध्यान देना होगा। यूएसडी कनसोटियम की अध्यक्ष रेनू वाजपेयी ने स्टूडेंट्स को एनजीओ और छोटे व्यवसायों को विकसित करने के टिप्स दिए। कार्यक्रम के दूसरे दिन निसबड के निदेशक (ट्रेनिंग) ऋषि राज सिंह ने बच्चों को बिजनेस के फंडे सिखाए। इस मौके पर राष्ट्रीय अनुसंधान विकास परिषद के निदेशक गोविंद शर्मा, डॉ. आरपी चड्ढा, वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, सेक्रेटरी बीके अरोड़ा, चीफ ऐडमिनिस्ट्रेटर सुरेंद्र सूद, निदेशिका डॉ. सपना राकेश व कॉलेज के स्टूडेंट्स मौजूद थे।